साप्ताहिक

पृथ्वी पर हम सब समय माया के यात्री हैं

समय माया

R.N.I. No.: MP/HIN/2006/20685

प्रधान संपादक- अजमेरा एस.पी. कुमार
B.COM., M.A., LLB, CAIIB, DLLLW&PM

Webite: www.samaymaya.com
Email: samaymaya@gmail.com
samaymaya@rediff.com

Cell: +91 9425125569
+91 9479535569

(C) All Copyrights reserved with chief editor, do not publish any matter without prior written permission

In case of any dispute, may be solved only in Indore Court Jurisdiction

वर्ष 17 अंक 13 प्रति सोमवार इंदौर, 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 पृष्ठ 8 मूल्य 2/- रुपए

मोदी की विदेश नीति सबसे कमजोर

वर्तमान में देश शत्रुओं से घिरा हुआ, चारों तरफ चीन ने सभी छोटे देशों को भारत के विरुद्ध खड़ा करा

भारत आज अपने पड़ोसी देशों के बीच बहुत कमजोर और अकेला पड़ गया है। एक-एक कर इसके सभी पड़ोसी देश चीन की गोद में बैठते जा रहे हैं। एक ही नज़र में दिखाई देता है कि चीन ने भारत की पूरे 360° में ऐसी घेरेबंदी कर दी है कि इसके सभी पड़ोसी देशों से सम्बंधों में कड़वाहट बढ़ती जा रही है।

नेपाल और श्रीलंका पहले ही चीन की गोद में जा बैठे हैं। जिनमें चीन ने भारी निवेश किया है।

तमाम तरह की मदद करने के बाद भी अफगानिस्तान से हम पहले ही भगा दिये गये। ईरान ने चाबहार से भारत को निकाल बाहर कर दिया। उधर अरब देश भी भृकुटि ताने बैठे हैं।

भूटान अपनी विदेश नीति भारत द्वारा संरक्षित होना भुलाते हुए डोकलाम पर चीन से हमारे बगैर समझौता कर रहा है। भूटान और चीन के बीच 25वें दौर की सीमा वार्ता चल रही है, जो 2016 के आखिरी दौर के बाद से रुकी हुई है; बीजिंग थिम्पू के साथ पूर्ण राजनयिक सम्बंधों पर जोर दे रहा है।

बांग्लादेश में चीन कई विकास परियोजनाओं पर काम कर रहा है। चीन को अपनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआइ) परियोजना में गहराई से शामिल करने की चीन की दिलचस्पी के चलते दोनों देशों के सम्बंध पिछले कुछ वर्षों में मजबूत हुए हैं। जबकि भारत में NRC की जड़ बंगलादेशी शरणार्थियों का मामला स्थाई तनाव का आधार बना हुआ है, जो भारत में एक प्रमुख चुनावी मुद्दा है।

मालदीव में चलाए गए 'इंडिया आउट' कैंपेन के बल पर चुन कर आई नई सरकार ने वहां तैनात भारतीय फौज को वापस जाने को

कह दिया है। इसके अलावा हफ्ता भर पहले बने नये राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारत से पल्ला झाड़ते हुए चीन के साथ फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट की बात भी कर रहे हैं।

अब रहा पाकिस्तान तो, वह स्वघोषित राष्ट्रवादियों के नजरिए से स्थाई दुश्मन देश है ही।

अभी सिर्फ 15 साल पहले तक दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस—SAARC) के देशों पर भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होती थी। और, वह भी एक दौर था जब भारत 120 सदस्य और 17 पर्यवेक्षक देशों वाले गुट-निरपेक्ष देशों का नेतृत्व करता था।

स्वघोषित विश्वगुरु मोदी की हवाबाजी के चक्कर में अपना सबकुछ खोते जा रहे भारतीय जनमानस के एक छोटे-से हिस्से को यह सब समझ नहीं आ रहा है। वह बुद्धिहर्ता प्रोपेगंडा-तंत्र के दुष्प्रचार का शिकार होकर जिसे डंका बजना कहता है, दरअसल वह इस देश की तबाही की वैश्विक घोषणा है।

जरा गौर कीजिए कि इससे पहले इतना कमजोर, इतना अकेला भारत कभी आपने सपने तक में नहीं देखा होगा।

जिसने खुद 35 साल तक भीख मांगते हुए गुजारा किया हो, वह नालायक क्या जाने कि घर-गृहस्थी या समाज का संचालन कैसे किया जाता है और रचनात्मकता किस चिड़िया का नाम है। वह सबकुछ तबाह करके बड़ी आसानी से लोगों के हाथ में कटोरा ही थमाएगा। यही सनातन सत्य है।

मोदी बने देश को सबसे ज्यादा कर्ज में डुबाने वाले पहले प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी अब तक के सबसे ज्यादा कर्ज लेने वाले प्रधानमंत्री हैं। ये कांग्रेसियों या वामपंथियों के IT सेल की रिपोर्ट नहीं, बल्कि विश्व बैंक की रिपोर्ट है जो World Bank की Official Website पर उपलब्ध है....

सोशल मीडिया पर यह मिथ्या ख़बर पिछले 4 महीनों से फैलाई जा रही है कि हमारी सरकार बिना विश्व बैंक से लोन लिए ऐतिहासिक विकास कर रही है...

ये भ्रम से बाहर आकर यह जानने का वक़्त है, कि नरेन्द्र मोदी अब तक के सबसे ज्यादा विदेशी कर्ज लेने वाले प्रधानमंत्री हैं। ये कांग्रेसियों या वामपंथियों के ध्क सेल का रिपोर्ट नहीं, बल्कि विश्व बैंक का रिपोर्ट है जो World Bank की Official Website पर उपलब्ध है।

बीजेपी आईटी सेल के द्वारा फैलाये गए भ्रामक ख़बरों के आधार पर प्रधानमंत्री समर्थकों द्वारा बुलंद आवाज में सामान्य लोगों के

बीच इस भ्रम को और भी विस्तार से फैलाया जाता रहा है कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने शासन की बागडोर संभालने के बाद से वर्ष 2015, 2016 एवं 2017 तक विश्व बैंक से एक रुपये का भी कर्ज नहीं लिया है।

सोशल मीडिया पर यह मिथ्या ख़बर पिछले 4 महीनों से फैलाई जा रही है कि हमारी सरकार बिना विश्व बैंक से लोन लिए ऐतिहासिक विकास कर रही है। लेकिन हकीकत ये है कि भारत जैसे अर्थव्यस्था का पूर्णतः स्वाबलंबी हो पाना असंभव है, खासकर ऐसी स्थिति में जब डालर के मुकाबले रुपये के मूल्य निरंतर गिरते रहे हैं।

बाजार में प्रति बैरल तेल के दाम की तुलना में भारत में तेल के मूल्य में निरंतर वृद्धि हो रही है और सर्वाधिक महत्वपूर्ण ये है कि भारतीय निर्यात इसके आयात के मुकाबले कम ही रही है। यह भी सत्य है कि भारत जिस प्रकार की अर्थव्यवस्था है,

(शेष पेज 3 पर)

आपराधिक मानसिकता के अमित शाह देश को अपनी बपौती न समझें

देश संविधान से चलेगा धमकियों से नहीं...

चुनाव जीतने के लिए अपनी ही पार्टी के नेताओं, अधिकारियों को फर्जीवाड़ा करने के लिए बेबस कर रहा है

मध्य प्रदेश में वर्तमान में देश के केंद्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह ने सॉरी मर्यादाओं को लांघते हुए जिस प्रकार से आतंकियों की भाषा का उपयोग कर अपनी तड़ीपार होने के पुराने इतिहास को दोहरा कर सभी कर्मचारियों अधिकारियों को आने वाली 17 नवंबर के चुनाव में कमल के निशान का ध्यान न रखने पर धमका कर कहा कि शिवराज जी ऐसे कर्मचारियों को एसएमएस भेज दो धमका दो। क्या सिद्ध करती है। कि देश में कानून और चुनाव आयोग है ही नहीं। उच्च पद पर बैठे होने के बावजूद भी स्वयं ही अपनी गुंडागर्दी का परीक्षा देते हुए न केवल अपने पार्टी के विपक्ष के नेताओं को धमकाओ कर्मचारियों अधिकारियों को खुले में कमल के निशान का ध्यान न रखने, अर्थात सत्ताधीशों को चुनाव जिताने के लिए जालसाजी व चुनाव में मतदान के समय फर्जीवाड़ा करने की खुली छूट दे रहा है। उन्हें जिताने के लिए फर्जी वाड़ा ना करने न मानने पर उनको परेशान करने, नौकरी से हटाने की खुली धमकी दे रहा है। तड़ीपार अमित शाह इवीएम के फर्जीवाड़े से सत्यता हथिया तो ली। पर अपना चाल चरित्र चेहरा बदल नहीं पाये। देश के गृहमंत्री सत्ता अपने बाप की जागीर नहीं। जो मंचों पर खड़े होकर सीधे गुंडो की भाषा बोलकर न केवल अपने ही पार्टी के नेताओं को धमकाने से लेकर विपक्ष के नेताओं के साथ सरकार में बैठे सभी आईएएस आईपीएस आईएफएस व अन्य अधिकारियों के साथ सरकार के 150 से ज्यादा विभागों मंडलों कंपनियों के अधिकारियों कर्मचारियों को धमका रहे हो। (शेष पेज 3 पर)

साप्ताहिक समय माया

संपादकीय

हिंदुओं के त्योहारों से देश के अर्थव्यवस्था हरी भरी

भारत में सनातन धर्म की लाखों साल पुरानी धार्मिक परंपराएं विश्व के सभी देशों से हमारे देश को कई महीनो में न केवल अलग बनाती है वर्णन सबसे महत्वपूर्ण हमारे देश की अर्थव्यवस्था के साथ जनता को प्रसन्न रखना उनकी आय की व्यवस्था करने के साथ देश के बाजारों को लगातार चलाएं मान रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है यही कारण है कि साल भर के 12 महीना में हर महीने में छोटे-मोटे त्यौहार होने के साथ हर मौसम बदलने के साथ चार महीने में एक बड़े त्यौहार होने के कारण देश के बाजारों में लगातार ग्राहक बना रहता है और अर्थशास्त्र के अनुसार बाजार में अगर ग्राहक बना हुआ है तो मंदी की संभावना नहीं रहती। हमारे देश के त्यौहार न केवल हमारे देश के करोड़ों लोगों को रोजगार देते हैं वरन चीन जापान अमेरिका कोरिया ताइवान जैसे देश की अर्थव्यवस्था को चलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं वर्तमान हालात तो यह है की हमारे त्योहार चीन की आधी अर्थव्यवस्था का आधार बन चुके हैं और यही कारण है कि मोदी के रहते हुए देश के लगभग 40 लाख से ज्यादा उद्योग बंद हो गएतो दूसरी तरफ चीन के खिलौने मूर्तियां और त्योहारो में उपयोग किए जाने वाली वस्तुओं यथा होली के रंग पिचकारी तो दिवाली पर बिजली की झालर पटाखे से लेकर इलेक्ट्रॉनिक अधिका लगभग 200000 करोड़ का बाजार चीन उपयोग करके मोटी कमाई करता हैजो हमारे सनातन धर्म के त्योहारों के दम पर है। इसके विपरीत जो भारत की अर्थव्यवस्था में हमारे सनातन धर्म के त्योहारों का महत्वपूर्ण भूमिका करोड़ों लोगों को रोजगार देती है, स्वयं मोदी ने 9 साल में उसे व्यवस्था को चौपट करने में आते ही साथ पहलेसफाई के नाम लगभग 5 करोड़ लोगों को जो सड़कों पर छोटी दुकानों पर ठेलो, पदमार्गों पर सब्जी भाजी फल फ्रूट रंगोली कपड़े व और घरेलूसामान बेचने से लेकर त्योहारों की सामग्री भेजा करते थे उन सबको खत्म कर दिया बाद में कैशलेस नोटबंदी जीएसटी और कोरोना की तालाबंदी में लगभग 25 करोड लोगों को बेरोजगार कर बहुराष्ट्रीय कंपनियों के शॉपिंग मॉल वॉलमार्ट अडानी अंबानी टाटा बिरला की फैक्ट्री को चलाने के साथ चीन की अर्थव्यवस्था को उठाने में मुक्त हाथ से 25 करोड लोगों को रोजगार बना 50 लाख से ज्यादा उद्योग में खत्म कर सहयोग कर रहा है हमारे सनातन के त्यौहार विदेश के अर्थव्यवस्था चला रहे हैं और देश को बर्बाद कर रहे हैं इसको भी सनातनियों के संरक्षण होने का पाखंड करने वाली आरएसएस और भाजपा को समझना चाहिए।

छोटे व्यापार और उद्योगों को खत्म करने का षडयंत्र

छोटे व्यापारियों का पॉलीथिन घातक, बहुराष्ट्रीय कंपनियों का फायदेमंद

सरकार ने अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों अमेजॉन वॉलमार्ट भारत की आईटीसी युनिलीवर कैडबरीज कोको कोला पानी की बोतल पैकिंग जैसी कंपनियों व देश के पूंजी पतियों अंबानी अडानी टाटा बिरला मित्तल आदि के इशारे पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 जिसकी शुरुआत रिलायंस रिटेल में 2001 में अटल के प्रधानमंत्री रहते हुए कर दी थी। जिसका उद्देश्य था देश के सारे छोटे उद्योगों बाजारों मंडियों खाद्य विक्रेताओं दुकानों को खत्म कर बहुराष्ट्रीय कंपनियों के चंगुल में सारे देश की जनता को उलझा कर हर महीने हजारों करोड़ की कमाई की जाए।

यह कानून खासतौर से अंबानी की रिलायंस पैट्रोलियम से निकलने वाले सह उत्पाद पॉलीथिन का बड़ा बाजार हाथ में लेकर मोटी कमाई करने का था।

इस कानून के अंतर्गत सारी खाद्य पदार्थों को पैकेजिंग करने का प्रावधान है। और सभी खाद्य पदार्थों में घातक जहरीले कीटनाशक प्रिजर्वेटिव्स वक्त स्वाद बढ़ाने वाले रसायन मिलाकर पैकेजिंग कर बहुराष्ट्रीय कंपनियों के शॉपिंग मॉल से बेंचना। वर्तमान में सारी पैकेजिंग रिलायंस के प्लास्टिक मटेरियल से ही होती है।

भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय का खाद्य नियंत्रक विभाग भी मानता है की 96.4% पैकेजिंग मैटेरियल लिवर किडनी हर्ट लंग्स जॉइंट्स आदि की विभिन्न प्रकार की फेल होने कैंसर होने आदि की बीमारियां बांटता है। परंतु डब्ल्यूएचओ के इशारे पर लगाए गए इस कानून को बनाने में 300 लाख करोड़ रु कानून निर्माताओं को मिले।

इसमें हर सांसद को 1000 करोड़ रू कानून पर हस्ताक्षर करने का मिला। अकेले वॉलमार्ट ने इस कानून के लिए 33.5 लाख करोड़ रु सन 2001 2 में ही खर्च कर दिए थे। इसलिए यह कानून विपक्ष के दबाव में कांगेस के कार्यकाल में बनाया गया। उनके रहते हुए, लागू नहीं होने दिया।

उस कानून को पूरा करने के लिए मोदी ने आते ही सफाई के नाम देश के बाजारों से2कर ठेले, फुटपाथ वालों को साफ कर दिया जिससे शॉपिंग मॉल का बाजार चमक उठा। उसके बाद 2015 में कैशलेस, 2016 में नोटबंदी, 2017 जीएसटी और 2020 ताला बंदी कर देश में 40 करोड़ लोगों को बेरोजगार बना अमेजॉन वॉलमार्ट के साथ अडानी अंबानी टाटा बिरला को दुनिया का दूसरे तीसरे चौथे नंबर का अमीर बना दिया। तो अगर प्लास्टिक बंद करना है। तो सबसे पहले किसान आंदोलन की तरह जनता को बाहर निकल कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को हटवाना चाहिए।

छोटे दुकानदार पॉलीथिन उपयोग करें तो बीमारी और बड़े उपयोग करें तो स्वास्थ्यवर्धक। छोटा दुकानदार दो ढाई सौ ग्राम पॉलिथीन उपयोग करता होगा। पर कचरा गाड़ियों में निगाह घुमा लीजिए 90% टनों से कचरा प्लास्टिक का बहुराष्ट्रीय कंपनियों की पैकेजिंग मैटेरियल का होता है।

इसको समझें और बताएं
यह कौन सा न्याय है।

आप बेहतर आंकलन और कर सकते हैं।

मशहूर शायरों के मशहूर शे'र...

खींचो न कमानों को न तलवार निकालो
जब तोप मुक़ाबिल हो तो अखबा़र निकालो

अकबर इलाहाबादी

हमारे शहर के लोगों का अब अहवाल इतना है
कभी अखबा़र पढ़ लेना कभी अखबा़र हो जाना

अदा जाफ़री

टैग जो दिल को है खबर कहीं मिलती नहीं खबर
हर सुब्ह इक अज़ाब है अखबा़र देखना

उबैदुल्लाह अलीम

टैग इस वक़्त वहाँ कौन धुआँ देखने जाए
अखबा़र में पढ़ लेंगे कहाँ आग लगी थी

अनवर मसूद

ज़रा सी चाय गिरी और दाग़ दाग़ वरक़
ये ज़िंदगी है कि अखबा़र का तराशा है

आमिर सुहैल

दस बजे रात को सो जाते हैं खबरें सुन कर
आँख खुलती है तो अखबा़र तलब करते हैं

शहज़ाद अहमद

मुझ को अखबा़र सी लगती हैं तुम्हारी बातें
हर नए रोज़ नया फ़ित्ना बयाँ करती हैं

बशीर महताब

सुर्खियाँ खून में डूबी हैं सब अखबा़रों की
आज के दिन कोई अखबा़र न देखा जाए

मख़मूर सईदी

रात के लम्हात खूनी दास्ताँ लिखते रहे
सुब्ह के अखबा़र में हालात बेहतर हो गए

नुसरत ग्वालियारी

कौन पढ़ता है यहाँ खोल के अब दिल की किताब
अब तो चेहरे को ही अखबा़र किया जाना है

राजेश रेड्डी

गुमनाम एक लाश कफ़न को तरस गई
काग़ज़ तमाम शहर के अखबा़र बन गए

इशरत धौलपुर

ऐसे मर जाएँ कोई नक़्श न छोड़ें अपना
याद दिल में न हो अखबा़र में तस्वीर न हो

ख़लील मामून

बम फटे लोग मरे खून बहा शहर लुटे
और क्या लिक्खा है अखबा़र में आगे पढ़िए

ज़हीर ग़ाज़ीपुरी

कोई नहीं जो पता दे दिलों की हालत का
कि सारे शहर के अखबा़र हैं खबर के बग़ैर

सलीम अहमद

कोई कॉलम नहीं है हादसों पर
बचा कर आज का अखबा़र रखना

अब्दुस्समद 'तपिश'

सुर्खियां अखबा़र की गलियों में गुल करती रहीं
लोग अपने बंद कमरों में पड़े सोते रहे
वो खुश़-नसीब थे जिन्हें अपनी खबर न थी
याँ जब भी आँख खोलिए अखबा़र देखिए

काले धन के खिलाफ लड़ाई में भारत को बड़ी सफलता, स्विस बैंक ने जारी की खातों और अकाउंट बैलेंस की नई जानकारी

काले धन के खिलाफ लड़ाई में भारत को बड़ी सफलता मिली है। स्विस बैंक में काला धन रखने वालों की अब खैर नहीं। स्विस बैंक ने भारत सरकार से भारतीय खाताधारकों का डेटा साझा किया है। स्विट्जरलैंड ने 104 देशों के साथ करीब 36 लाख वित्तीय खातों का विवरण साझा किया है। इसके तहत किन भारतीयों ने अपना पैसा स्विस बैंक में रखा है और कहां-कहां से ये रकम आई है, इसका ब्यौरा स्विस बैंक ने साझा किया। काला धन रखने वालों के खिलाफ भारत सरकार अब कड़ी कार्रवाई करेगी।

कॉर्पोरेट्स और ट्रस्टों सहित व्यक्तियों के नाम

स्विट्जरलैंड और भारत के बीच सूचनाओं का यह पांचवां वार्षिक आदान-प्रदान है। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय अधिकारियों के साथ साझा किए गए नए विवरण सैकड़ों वित्तीय खातों से संबंधित हैं। इनमें कुछ व्यक्तियों, कॉर्पोरेट्स और ट्रस्टों से जुड़े कई खातों के कई मामले भी शामिल हैं।

खातों और अकाउंट बैलेंस की नई जानकारी

स्विस बैंक द्वारा विवरण साझा किए गए हैं उनमें पहचान, खाता और वित्तीय जानकारी शामिल है। इसमें नाम, पता, निवास का देश और कर पहचान संख्या, साथ ही रिपोर्टिंग वित्तीय संस्थान, खाता शेष और पूंजीगत आय से संबंधित जानकारी शामिल है।

रकम का डिटेल्ड खुलासा नहीं हुआ

अधिकारियों ने सूचना के आदान-प्रदान की गोपनीयता शर्त और आगे की जांच पर इसके प्रतिकूल प्रभाव का हवाला देते हुए जानकारी और अन्य विवरण जारी किया हैं। इनमें राशि का खुलासा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस ब्योरे का इस्तेमाल टैक्स चोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और आंतकवाद के फंडिंग सहित अन्य अवैध और गलत कार्यों की जांच के लिए किया जाएगा।

104 देशों के 36 लाख वित्तीय खातों का जानकारी

स्विस राजधानी बर्न से एक बयान में, संघीय कर प्रशासन (एफटीए) ने सोमवार को कहा कि उसने सूचना के स्वचालित आदान-प्रदान (एईओआई) पर वैश्विक मानक के ढांचे के भीतर 104 देशों के साथ वित्तीय खातों पर जानकारी का आदान-प्रदान किया है। इस वर्ष, कजाकिस्तान, मालदीव और ओमान को 101 देशों की पिछली सूची में जोड़ा गया था। वित्तीय खातों की संख्या में लगभग दो लाख की वृद्धि हुई।

मोदी बने देश को सबसे ज्यादा कर्ज में डुबाने वाले पहले प्रधानमंत्री

पेज 1 का शेष

और स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक सामाजिक संरचना, रक्षा, वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक विकास के क्षेत्र में जिन किन्ही परेशानियों से जूझ रहा उसमे पूंजी की कमी सर्वाधिक ध्यान देने योग्य है।

ऐसे में विश्व बैंक, IBRD, IDA, एसियन डेवलपमेंट बैंक सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों पर इसका निर्भर होना कोई आश्चर्य पैदा नहीं करता। चाहे सरकार या तंत्र किसी के भी हाथ में हो मगर इसके निरूपण, संचालन, रखरखाव व राजकोषीय कमी को पूरा करने के लिए ऐसे संस्थानों पर निर्भरता बेहद स्वाभाविक हो जाता है।

हास्यास्पद ये है कि आम जनता को जागरूक बनाने की बजाय सत्ताधारी दल के समर्थकों द्वारा बढ़ चढ़ कर यह अवांछित व झूठी ख़बरों को व्हाट्सएप, ट्वीटर व फेसबुक यूनिवर्सिटी पर धड़ल्ले से परोसा जा रहा है, ताकि आम जनता को लुभा सके। सत्ता की भूख ने नैतिकता को इतना बेबस कर दिया कि राजनेता से लेकर सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता इन्ही ख़बरों के सहारे वोट बटोरने की जुगत में लगे हैं।

मीडिया में बीजेपी समर्थकों से लेकर टेलीविजन स्क्रीन पर बैठे प्रवक्ताओं द्वारा लगातार हर विफलताओं के लिए कांग्रेस को कोसे जाने क्रम से आप भी अवगत हैं। एक भी सवाल जो सत्ताधारी दल के योजनाओं व कार्यों को लेकर इनके समक्ष खड़े किए जाते हैं उसका जवाब कांग्रेस के नाम का सहारा लिए बगैर संभव नही हो पाता या फिर सवाल की दिशा बदल दिए जाते हैं।

आए दिनों यत्र-तत्र व्हाट्सएप व फेसबुक जैसे प्लेटफोर्म पर यह ख़बरें खुमते हुए पायी जा रही है कि मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी ने विश्व बैंक से कर्जा लेकर भारतीय अर्थव्यवस्था को दवाब में ला खडा किया है। यही नहीं साथ में यह भी कि नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं, उन्होंने विश्व बैंक से कोई कर्ज नहीं लिया है। लेकिन जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला कि इस अफवाह के पीछे का सच कुछ और ही है।

बैंक की वेबसाइट पर साफ तौर पर लिखा गया है कि भारत और विश्व बैंक के बीच इसी साल 2 फरवरी 2018 को एक करार हुआ है। इसके तहत विश्व बैंक ने भारत को वाराणसी से हल्दिया के बीच 1360 किमी का जलमार्ग बनाने के लिए 375 मिलियन डॉलर का कर्ज दिया है।

इस करार पर भारत की ओर से इनलैंड वॉटरवेज अथॉरिटी के वाइस चेयरमैन प्रवीर पांडेय, भारत सरकार वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के जॉइंट सेक्रेटरी समीर कुमार खरे, और भारत में विश्व बैंक के डायरेक्टर जुनैद अहमद ने हस्ताक्षर किए हैं।

गौरतलब यह है कि साल 2013 में भारत पर कूल विदेशी कर्ज का भार 409.4 अरब डॉलर (GDP का 11.1%) था जो 2014 में बढ़ कर 446.2 अरब डॉलर (GDP का 10.4%) तथा 2015 में 474.7 अरब डॉलर (GDP का 8.8%) हो गई और आगे यही भार प्रधानमंत्री मोदी की अगुआई में मार्च 2018 में 529 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर गया जिससे भारत का कूल विदेशी कर्ज में 12.4% की वृद्दि दर्ज की गई।

यह अब तक की सर्वाधिक सालाना वृद्धि है। यही नहीं यह भार इतनी अधिक हो गई कि GDP का 20.9% के बराबर पहुच गयी है। ऐसे में इस साल GDP में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि के जो आकड़े देश के सामने प्रस्तुत करके भ्रम फैलाए गए हैं यह भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति का कितना विकृत विश्लेषण प्रस्तुत करता है। हमें यह समझने की जरुरत है सरकार GDP के आंकिक आंकड़े की आड़ में अपनी तमाम आर्थिक विफलताओं को ढकने की कोशिश कर रही।

उपलब्ध आंकड़े के आधार पर यह बात सामने आती है कि स्किल इंडिया, स्वच्छ भारत, गंगा की सफाई, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) शिक्षा, ऊर्जा क्षेत्र आदि के विकास के नाम पर अकेले प्रधानमंत्री मोदी ने तक़रीबन 78 अरब डॉलर का कर्ज अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से 2014 से 2018 के बीच लिया है। वर्ल्ड बैक के ही रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्ल्ड बैंक एवं IBRD जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्था से विश्व में सर्वाधिक लोन लेने वाला देश के रूप में अपनी पहचान रखता है।

ट्वीटर पर जून 2018 को sagarika4india द्वारा संचालित ट्वीटर अकाउंट द्वारा जो गलत सुचना शेयर किया गया था कि भारत के 70 सालों के इतिहास में केवल 3 साल ऐसे हैं जब भारत ने वर्ल्ड बैंक से कर्ज नहीं लिया है 2015, 2016, 2017. इस पर हजारों लाइक्स और रिट्विट हुए जिसमें प्रधानमंत्री को हीरो बताया गया।

यही नही 2 जून को यह फेसबुक के राजनीति नामक पेज पर पोस्ट किया गया, जिसे 25,000 से ज्यादा लोगों ने शेयर किया। और फिर वहां से बीजेपी IT सेल द्वारा सक्रियता से इस झूठी खबर को आम जनता तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुचाया जाने लगा। बाद में Zee News Fan Group द्वारा भी यह ख़बरें खूब फैलाई गई। इस खबर की सत्यता को जांचे परखे बगैर आम जनता के बीच ये धारणा बनने लगी की मोदी ने सच में बीते 3 वर्षो में वर्ल्ड बैंक से एक भी पैसा कर्ज स्वरूप नहीं लिया।

मगर सत्य कितना भयावह है कि इस दौरान ही सरकार ने 96.56 अरब डॉलर (6952.32 अरब) का विशाल कर्ज लिया। यह बेहद आश्चर्य पैदा करता है कि हम शिक्षित समाज का हिस्सा होने के बावजूद भी बर्बाद को आबाद पढने लगे हैं।

2018 में लिए गए लोन के अलावा मोदी सरकार ने विश्व बैंक से जिन प्रमुख मुद्दों को परोस कर लोन लिया है उनका विवरण निम्नवत हैं :

लोन लेने की तिथि लोन लेने के उद्देश्य लोन का आकार

23 जनवरी 2018 उत्तराखंड में जल आपूर्ति 120 मिलियन डॉलर (8 अरब)

31 जनवरी 2018 तमिलनाडु के गांवों के हालत सुधार 100 मिलियन डॉलर (6.5 अरब रु)

24 अप्रैल 2018 म.प्र. के गांवों की सड़कें दुरुस्त करना 210 मिलियन डॉलर (करीब 14 अरब रु)

अप्रैल 2018 दवाई बनाने व गुणवत्ता में सुधार हेतु 125 मिलियन डॉलर (8 अरब 36 करोड़ रु)

8 मई 2018 राष्ट्रीय कुपोषण मिशन के लिए 200 मिलियन डॉलर (13.5 अरब रु)

29 मई 2018 राजस्थान के लिए 21.7 मिलियन डॉलर (1.5 अरब रु)

स्रोत : वर्ल्ड बैंक विभिन्न दस्तावेज, फाइनेंसियल 365

इसके अतिरिक्त अगर पिछले साल की बात करें तो उनमें कुछ चुनिंदा लोन में भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में टूरिजम को विकसित करने के लिए 40 मिलियन डॉलर (2 अरब 67 करोड़ रुपये) का कर्ज, 21 नवंबर 2017 को सोलर पार्क प्रोजेक्ट के लिए 100 मिलियन डॉलर (6.5 अरब रुपये) का कर्ज, 31 अक्टूबर 2017 को असम में ग्रामीण परिवहन के लिए 200 मिलियन डॉलर (13.5 अरब रुपये) का कर्ज, 30 जून 2017 को नेशनल बायोफार्मा मिशन के लिए 125 मिलियन डॉलर (8 अरब 36 करोड़ रुपये) का कर्ज आदि सम्मिलित हैं, जो बीजेपी IT सेल व समर्थकों सहित आम जनता की आंखें खोलने के लिए पर्याप्त है।

यही नहीं, गंगा नदी जिसकी सफाई के लिए भारत अब तक विश्व बैंक से हजारों करोड़ रुपये का लोन ले चुका है। विश्व बैंक से कर्ज लेना सरकार की विफलता या कमजोरी नही कहा जा सकता मगर, झूठी ख़बरों को प्रचारित प्रसारित कर वास्तविक स्थिति से लोगों का ध्यान हटाने का यह प्रयास सरकार की तमाम विफलताओं की तरफ इशारा करती है इसमें कोई संशय नहीं।

हालांकि मात्र 3 वर्षो में अगर इतनी बड़ी मात्रा में अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से लों लिए गए तो इसका हिसाब कहाँ, और काम कितना हुआ है ये आप तय कीजिये। और अगर काम नही हो सके हैं तो आखिर ये लोन के पैसे गए कहाँ? याद रखिये इसे अंततः भारत को ही चुकाने हैं।

देश संविधान से चलेगा धमकियों से नहीं...

शाह बोले- जो भी अधिकारी कमल का ध्यान नहीं रखे, उसे छोड़ना नहीं

पेज 1 का शेष

भूतपूर्व तड़ीपार जिला बदर वर्तमान केन्द्र के गृहमंत्री अमित शाह ने जो अपराधियों की भाषा उपयोग की गई है। कि जो कमल के निशान का ध्यान नहीं रखेगा अधिकारी उसको देख लेने की धमकी, यह धमकी अभी तक तो विपक्ष के कहीं बड़े-बड़े नेताओं को देते थे इडी से छापे पड़वा के दिन नहीं माना तो सीबीआई से भी छापे पाड़वाए गए विपक्ष के नेताओं को जेल भिजवाया उनकी सांसद में से सदस्यता छीन ली यह सब सिर्फ और सिर्फ एक तानाशाह जिला बगैर तड़ीपार भाषा का समावेश नजर आ रहा था अब तो हद हो गई की बड़े-बड़े आईपीएस एडीजीपी सबके सामने सीधा कहा गया है की जो कमल का ध्यान नहीं रखेंगे उनका इलाज कर दिया जाएगा यह क्या स्थिति पर देश पहुंच गया है कि इन तड़ीपरों से आईपीएस आईएएस जीपी अधिकारी भी कुछ मुंह नहीं खोल पाए एक समय इंदौर में डॉन वाला बैग ने एक पुलिस कर्मचारियों के ऊपर आक्रमण किया था तब इंदौर के दबंग आईजी सुरजीत सिंह दशमाना जी ने उसे नेस्तनाबूद कर दिया था वह बालाबेग का नाम लेवा भी नहीं बचा उनके नाम से इंदौर में दादा गिरी करने वालों को समाप्त कर दिया था क्या आज की तारीख में पूरे प्रदेश में इतना खुद्दार अधिकारी स्वाभिमानी कोई भी नहीं बचा जो कि इस बयान के बाद गृहमंत्री को सलाखों के पीछे ला सकता शायद अब इस देश में कोई भी पढ़ा लिखा अधिकारी इन तड़ीपार जिला बदर के सामने खड़ा भी नहीं हो पा रहा है। इसे कहते हैं गुंडाराज आईपीएस आईएएस अधिकारी सबको धमकी देकर जा रहा है अगर इस प्रदेश में एक भी बहादुर मर्द होता आईपीएस अधिकारी डीजीपी मर्द होता तो इसे भोपाल में ही अरेस्ट कर लेता धमकी देने के आरोप में अपनी ही पार्टी के बागी उम्मीदवारों को भी इडी की धमकी दी आईएएस अधिकारियों को भी धमकी दी आईपीएस एडीजीपी कोई कुछ नहीं कर सका विपक्ष को भी धमकी इस सारी धमकियों के अंदर गृहमंत्री का भूतकाल नजर आ रहा है जिला बदर तड़ीपार व्यक्ति को हम किसी भी सीट पर बिठाएंगे उससे सीट की ईज्जत खराब हो जाएगी।

साप्ताहिक समय माया

असली बुलफाइटिंग

मध्य प्रदेश का मालवा-निमाड़ अंचल विधान सभा सीटों की संख्या के हिसाब से सबसे बड़ा इलाका है. यहां कुल 66 सीटें हैं. उज्जैन और इंदौर जैसे इलाके इसी अंचल में आते हैं. यहां के मतदाताओं का स्वभाव अपने तौर का निराला है. लेकिन माना जाता है कि प्रदेश में सरकार उसी दल की बन पाती है, जिसे इस अंचल के मतदाताओं का विश्वास और वोट मिलते हैं. विंध्य और सतपुड़ा से घिरे निमाड़ को नर्मदा का सींचती है तो पठारी इलाके मालवा को चंबल और माही का पानी भी मिलता है. इस तरह से यहां संपन्न खेतिहर किसान हैं तो आदिवासियों की संख्या भी पर्याप्त है. लिहाजा सभी राजनीतिक दलों की मजबूरी है कि वे यहां किसानों-आदिवासियों की बात करें. मालवा में ही उज्जैन और इंदौर भी आता है. उज्जैन ही वो क्षेत्र है जो इतिहास में अवंतिका नगरी के नाम से दर्ज है. यहीं विक्रमादित्य का शासन था और यहीं संदीपनी का आश्रम है.

2018 चुनाव के नतीजे

ये तो मध्य प्रदेश के इस महत्वपूर्ण अंचल की पहचान हुई और यहां के मतदाता भी इन्हीं पहचानों के मुताबिक ही व्यवहार करते हैं. इस लिहाज से भी ये 66 सीटें सभी राजनीतिक दलों के लिए काफी कठिन मानी जाती है. अगर पिछले चुनाव के परिणाम देखे जाएं तो 2018 के विधानसभा चुनाव में यहां की 66 सीटों में कांग्रेस को 35, बीजेपी को 28, और अन्य को एक तीन सीटें हासिल हुई थी. कमलनाथ सरकार गिरने के बाद 2020 में इस क्षेत्र की कुल 7 सीटों पर उपचुनाव हुए थे. उसमें छह सीटें बीजेपी को मिली थी और कांग्रेस को एक ही सीट से संतोष करना पड़ा. इस उपचुनाव के बाद कांग्रेस को एक सीट का नुकसान हुआ और बीजेपी को एक सीट पर बढ़त मिली.

किसान आंदोलन

2018 के चुनाव में इस क्षेत्र में जब कांग्रेस ने बढ़त बनानी शुरू की तभी कांग्रेस नेताओं के हौसले भी बढ़े. क्योंकि आम तौर पर इस इलाके के मतदाताओं पर बीजेपी का असर ठीक ठाक रहा. हालांकि बीजेपी का तिलस्म टूटने की बड़ी वजह भी इसी इलाके से पैदा हुई थी. चुनाव से पहले किसानों ने मंदसौर में आंदोलन किया और पुलिस ने फायरिंग की. यहां 5 किसानों की मृत्यु हुई और शिवराज सरकार की स्थिति बिगड़ने लगी. कांग्रेस आला-कमान ने भी इस घटना को मुद्दा बनाया किसानों से तमाम वायदे किए. बहुत से जानकार दावा करते हैं 2018 में एमपी में कांग्रेस को कुर्सी मिलने के पीछे तमाम कारणों की चर्चा की जाएगी तो किसान आंदोलन और किसानों पर गोली चलाए जाने को प्रमुखता से गिनते हैं.

...और कमलनाथ सरकार गिर गई

यहां इसका जिक्र करना भी जरूरी लगता है कि किसानों के मसले को ही मुद्दा बना कर उस वक्त कांग्रेस नेता के तौर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री कमलनाथ का विरोध शुरु किया था. इसका नतीजा ये हुआ कि कमलनाथ की सरकार गिर गई और शिवराज सिंह चौहान फिर से मुख्यमंत्री की मिल गई.

आदिवासियों का मुद्दा

इस क्षेत्र में आदिवासियों के सीधे असर वाली 22 सीटें है. बीजेपी को ये बात बहुत अच्छी तरह से समझ आ चुकी है. 2003 में पहली बार बीजेपी को यहां उन सीटों पर भी आदिवासियों के बीच पकड़ बनाने पर थोक के भाव यहां सफलता मिली. उस चुनाव में बीजेपी ने 51 सीटे जीतने में सफलता पाई. इनमें कई ऐसी सीटें भी थी, जिन पर पारंपरिक रूप से कांग्रेस का कब्जा हुआ करता था.

इसे ही समझते हुए बीजेपी ने मध्य प्रदेश में लगातार आदिवासियों के हितों की बात की है. आदिवासियों को रिझाने वाली कई परियोजनाएं भी शुरु की है. वैसे कांग्रेस भी पीछे नहीं रही. राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में अपनी पदयात्रा की शुरुआत इसी इलाके से की. कांग्रेस ने इसी क्षेत्र के बुहरानपुर से जीतने वाली जमुना देवी को दो बार उपमुख्यमंत्री की कुर्सी भी सौंपी. इस क्षेत्र से दिग्गज कांग्रेस नेताओं में शिवभान सिंह सोलंकी और कांतिलाल भूरिया का भी राज्य की राजनीति में खासी अहमियत रही.

जयस का आधार

आदिवासियों की पार्टी होने का दावा करने वाले जयश को कांग्रेस ने अपनी ओर जोड़ने की कोशिश की. जय आदिवासी युवा शक्ति नाम की इस पार्टी ने कांग्रेस से 20 सीटें अपने लिए मांग ली. हालांकि कांग्रेस ने पार्टी को सिर्फ तीन सीटें दी. अब जयस में दो धड़े दिखने लगे हैं. एक धड़ा राष्ट्रीय संरक्षक डॉक्टर हीरा अलावा का है जिसने कांग्रेस से तीन सीटों पर समझौता कर ही लिया है. उन्होंने और सीटें मांगने वालों को ये कह कर संतुष्ट करने का प्रयास किया है कि जिन्हें अभी टिकट नहीं मिल पाया है उन्हें अलग अलग निगमों में एडजस्ट किया जाएगा. जबकि जिन्हें टिकट नहीं मिला है, उन्होंने अलग से चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर रखी है. बहरहाल, निर्णायक आदिवासी मतदाताओं वाली इन 22 सीटों के साथ ही मालवा का पठार और विंध्य सतपुड़ा से घिरे इस इलाके की अनदेखी कर पाना किसी राजनीतिक दल के बस की बात नहीं है.

भाजपा-कांग्रेस में बगावत से टेंशन

भाजपा में 30 सीट पर तो कांग्रेस 47 सीटों पर बगावती तेवर...

मध्यप्रदेश विधानसभा की 230 सीटों में से कांग्रेस से एक (आमला) और भाजपा से दो विधानसभा सीट (गुना-विदिशा) के लिए उम्मीदवारों की घोषणा ही बाकी है। बाकी 228 सीटों पर उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें कांग्रेस में 42 तो भाजपा में 22 सीटों पर विरोध हो रहा है। इसके अलावा भाजपा की 6 और कांग्रेस की 5 सीटों पर खुली बगावत सामने आ रही है।

♦ **भोपाल।** विधानसभा चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के लिए बागी मुसीबत बनने वाले हैं। कई विधानसभा क्षेत्र में तो यह बागी नतीजे को भी पलटने की ताकत रखते हैं। यही कारण है कि दोनों राजनीतिक दलों के लिए बगियों को साधना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को एक चरण में मतदान होना है। राज्य में सीधा मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। दोनों ही राजनीतिक दलों को उम्मीदवार के चयन में भारी मशक्कत के दौर से गुजरना पड़ रहा है। टिकट मिलने और काटने से कई इलाकों में असंतोष भी उभर रहा है और नाराज नेता पार्टियां छोड़कर दूसरे दल का दामन थामने में लगे हैं तो वहीं विरोध प्रदर्शन करने के मामले में पीछे नहीं है। कांग्रेस अब तक 229 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है और इसके बाद लगभग दो दर्जन स्थानों से विरोध प्रदर्शन की खबरें आ रही है। इसी का नतीजा रहा है कि पार्टी को तीन स्थान दतिया, पिछोर व गोटेगांव से अपने उम्मीदवारों को बदलने तक पड़ गया।

बीजेपी में भी बगावत

बगावती नेताओं के समर्थक विधानसभा क्षेत्र से लेकर भोपाल तक अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है और कई ने तो पार्टी तक छोड़ दी है। भाजपा ने भी जिन उम्मीदवारों के टिकट काटे हैं और दल-बदलुओं को उम्मीदवार बनाया है उसको लेकर कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए। पार्टी से कई नेताओं ने इस्तीफा भी दिया और वर्तमान के दो विधायक शिवपुरी के कोलारस से वीरेंद्र रघुवंशी और मैहर के नारायण त्रिपाठी ने तो पार्टी को ही अलविदा कह दिया। ये दोनों ऐसे विधायक हैं जिन्हें कांग्रेस से टिकट मिलने की उम्मीद थी, मगर निराशा हाथ लगी। दोनों ही राजनीतिक दल बढ़ते असंतोष से चिंतित हैं और उन्होंने नाराज नेताओं को बनाने की जिम्मेदारी अपने-अपने दल के वरिष्ठ नेताओं को सौंपी है। वे नाराज नेताओं को भरोसा दिला रहे हैं कि राज्य में पार्टी की सरकार बनने पर उन्हें महत्व दिया जाएगा, साथ ही कई नेताओं को तो संगठन में समायोजित किया जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्य के इस बार के चुनाव कांटे के मुकाबले के हैं। सरकार किसी भी दल की बन सकती है और यही कारण है कि तमाम दावेदार चुनाव मैदान में उतरकर अपना भाग्य आजमाना चाहते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि राजनेताओं को लगता है कि अगर वह चुनाव जीत जाते हैं तो उनकी किस्मत बदल जाएगी।

सत्ता की चाबी आने की उम्मीद

जिन नेताओं को राजनीतिक दल टिकट नहीं दे रहे हैं वे बगावत कर सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी का दामन थाम रहे हैं। छोटे दलों की तरफ राजनेताओं का रुझान इसलिए भी है कि अगर दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों में से किसी को भी बहुमत नहीं मिलता है, वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव जैसी स्थिति बनती है, तो सत्ता की चाबी उनके हाथ में आ जाएगी।

अगर सुनहरा दौर है तो आपके घर तक क्यों नहीं पहुंचा: प्रियंका गांधी

कांग्रेस सरकार गेहूं का 2600 रू. और धान का 2500 रू. समर्थन मूल्य देगी

भोपाल। अभा कांग्रेस की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ने आज दमोह में आयोजित कांग्रेस की विशाल जनसभा में अपने संबोधन की शुरूआत करते हुये कहा कि भाइयो-बहनो मुझे पता है आप बहुत समय से हमारा इंतजार कर रहे हैं और इसके लिए मैं आपकी बहुत-बहुत आभारी हूं। भगवान जागेश्वर नाथ जी की जय, आज वाल्मीकि जी की जयंती है, मैं उन्हें प्रणाम करती हूं। बुंदेलखंड की धरती रानी दुर्गावती की धरती है बुंदेलखंड के वीरों ने 1857 से लेकर आजादी की लड़ाई तक बलिदान दिए उन्हें नमन करती हूं।

प्रियंका गांधी ने कहा कि आज सरकार बता रही है कि देश का सुनहरा दौर आ गया है लेकिन मैं आपसे जानना चाहती हूं कि यह सुनहरा दौर आपकी चौखट तक क्यों नहीं पहुंचा, आपके जीवन में क्यों नहीं पहुंचा है? आप तो गरीब के गरीब हैं आप अपने जीवन के संघर्षों में जूझ रहे हैं आपके घरों में और दमोह में आज भी पानी की किल्लत है। आज लोग बुंदेलखंड से पलायन क्यों कर रहे हैं? भाजपा ने 18 साल महिलाओं को बेवकूफ बनाया और चुनाव से दो महीने पहले स्कीम लेकर आ गये लेकिन उनकी झूठ की गारंटी अब नहीं चलने वाली हैं। क्योकि अब मप्र में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है और हमारी गारंटी पर इसलिए भरोसा कीजिए, क्योंकि कमलनाथ जी ने 15 महीने में गारंटियां पूरी करके दिखायी, कांग्रेस सरकारों ने हिमाचल, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन लागू की, कांग्रेस की सरकार बनने पर मप्र में भी होगी, कांग्रेस सरकार गेहूं का 2600 रू और धान का 2500 रू. समर्थन मूल्य देगी।

प्रियंका गांधी ने कहा कि कमलनाथ जी ने आपको बताया है कि केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी तो हमने बुंदेलखंड पैकेज देने का काम किया था, लेकिन आज मैं यहां मध्य प्रदेश के चुनाव को लेकर आपके बीच में आई हुई हूं। आज नेताओं के आरोप-प्रत्यारोप के बीच आपको निर्णय लेना है कि आप किसका समर्थन करेंगे। मैं यहां बातें करने आई हूं ना की भाषण देने। एक जमाना था जब हमारे देश में बड़े-बड़े महापुरुष आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे, हमारी उनसे बहुत उम्मीदें थी आज आपकी भी उम्मीदें होनी चाहिए किसी दल से, किसी नेता से।

प्रियंका गांधी ने कहा कि जब मैं आम जनता से मिलती हूं और उनसे पूछती हूं कि आपकी क्या उम्मीद है सरकार से, तो वह बताते हैं कि हमारे संघर्ष भरे जीवन में हम चाहते हैं कि बस थोड़ा सी मदद मिल जाए सरकार की ओर से, हमें रोजगार मिल जाए, हमें महंगाई से राहत मिल जाए, हमें सुरक्षा मिल जाए, बस इतनी सी उम्मीद जनता की रहती है। मुझे भी पता है कि आप लोग रात दिन मेहनत करते हैं। अपने बच्चों को पढ़ाते हैं और मुझे यह भी पता है कि बुंदेलखंड से पलायन बहुत होता है। आप जो यह मेहनत करते हैं आप भी चाहते होंगे कि आपका भविष्य मजबूत हो, सुरक्षित हो और आप भी चाहते हैं कि सरकार आपके जीवन में भागीदारी निभाएं और मदद करें।

प्रियंका गांधी ने कहा कि पलायन तभी होता है जब क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं नहीं होती है और आपने क्या कभी सोचा है कि 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी आज देश और इस प्रदेश में है। मध्य प्रदेश की 18 साल की सरकार ने पिछले 3 सालों में मात्र 21 नौकरियां दी है। मध्य प्रदेश में कितनी सरकारी नौकरियां खाली हैं, कितने पद खाली पड़े हैं। स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टर के पद खाली हैं। लेकिन फिर भी सरकार इन पदों पर भर्ती करने का काम नहीं कर रही है। आज मध्य प्रदेश में युवाओं ने भर्ती के लिए फार्म भरे हैं, परीक्षा पास की, लेकिन फिर भी उनके हाथ में रोजगार नहीं है।

